**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**20.10.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे**

## दीपावली

प्रकाश का पर्व दीपावली आज देश सहित पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक यह त्योहार मंदिरों, घरों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर रोशनी करके मनाया जाता है। इस अवसर पर लोग धन की देवी लक्ष्मी की पूजा–अर्चना करते हैं। देश भर में अलग–अलग स्थानों में शहरों की सड़कों और बाजारों को रंग–बिरंगी लड़ियों और फूलों से सजाया गया है।

## दीपावली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कामना की है कि यह पर्व सभी नागरिकों के जीवन को सद्भावना, प्रसन्नता और समृद्धि के प्रकाश से जगमगाएगा।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।

## शिमला पटाखे

शिमला ज़िले में दिवाली के दौरान पटाखे चलाने का समय रात 8 से 10 बजे तक तय किया गया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि इस दौरान केवल हरित पटाखों के उपयोग की ही अनुमति होगी। इस बीच प्रशासन की ओर से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पटाखों की बिक्री के लिए चयनित स्थानों में लगे स्टालों पर लोग पटाखों की खूब खरीददारी कर रहे है। पटाखों के बिक्रेताओं का कहना है कि लोग ग्रीन पटाखों की भी खूब खरीददारी कर रहे हैं।

***यह हम जी 67 सालों से लगा रहे हैं और इस बार का काम भी पिछले साल की तरह ही है हमारे जो कि बच्चों के लिए बहुत ही अच्छे पटाखे कितने साल से ग्रीन पटाखे बहुत ही अच्छी व्यवस्थायह हम जी 67 सालों से लगा रहे हैं और इस बार का काम भी पिछले साल की तरह ही है हमारे जो कि बच्चों के लिए बहुत ही अच्छे पटाखे कितने साल से ग्रीन पटाखे बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई है।***

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी नागरिकों से त्यौहार के इस सीज़न में 140 करोड़ भारतीयों की कड़ी मेहनत, रचनात्मकता और नवाचार का जश्न मनाने के लिए भारतीय उत्पाद खरीदने का आह्वान किया है। MyGovIndia के एक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में, प्रधानमंत्री ने भारतीय उत्पाद खरीदने पर ज़ोर देते हुए कहा है कि– गर्व से कहो यह स्वदेशी है। उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया है कि वे जो कुछ भी खरीदें, उसे सोशल मीडिया पर साझा करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह लोग दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे।

## जीएसटी लाभार्थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जी.एस.टी. बचत उत्सव का समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लोगों ने अगली पीढ़ी के लिए जी.एस.टी. सुधारों को फायदेमंद बताया है। चम्बा और कुल्लू के व्यापारियों ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि जी.एस.टी कम होने से इस त्यौहारी सीजन में उनके व्यवसाय में बढौतरी होने से वे काफी उत्साहित है।

***चंबा के में बाजार में हमारी दुकान है और इस दीपावली पर ग्राहकों की संख्या काफी ज्यादा है केंद्र सरकार द्वारा जो जीएसटी की तरह काम की गई है टीवी फ्रिज वाशिंग मशीन इत्यादि की जो कीमतें थी जो काफी ज्यादा थी अब उसमें से 5 से ₹10000 तक की गिरावट आ गई है ऐसे में ग्राहकों की संख्या जो है वह बहुत जाती है खरीदारी के लिए केंद्र सरकार का जीएसटी काम करने पर आभार व्यक्त करता हूं मैं तिलक राज चौधरी उल्लू का रहने वाला हूं देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जीएसटी घटाया गया हरि जीएसटी दवाइयां पर भी घटाया गया है दवाइयां पर जीएसटी घटकर 12: से 5: और कुछ दवाइयां पर जो कैंसर की दवाई है इम्यून सिस्टम की दवाई है ऐसी दवाइयां पर जो जीवन रक्षक दवाइयां हैं उन पर जीएसटी 0: कर दिया गया है जिससे जनता को बहुत लाभ हुआ है इसके लिए मैं देश के प्रधानमंत्री मोदी जी का बहुत–बहुत धन्यवाद करता हूं।***

## स्वरोजगार योजना

प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना ने युवाओं को आत्मनिर्भरता और सम्मान जनक आजीविका की दिशा में नई राह दिखाई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह योजना न केवल बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहायत प्रदान कर रही है बल्कि उन्हें नई तकनीकों और पर्यावरण के अनुकूल व्यवसायों की ओर भी प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत युवाओं को ई–टैक्सी खरीदने पर 50 प्रतिशित सब्सिडी और 40 प्रतिशत बैंक ऋण की सुविधा दी जाती है। उन्होंने कहा कि ई–टैक्सी परमिट प्राप्त करने वाले युवाओं को सरकार द्वारा निश्चित आमदनी की गारंटी भी प्रदान की जा रही है।

## ऑस्टियो–पोरोसिस दिवस

आज विश्व ऑस्टियो–पोरोसिस दिवस है। आयुष मंत्रालय ने ऑस्टियो–पोरोसिस–हड्डी रोग से बचाव के लिए लोगों, विशेषकर वृद्धजनों और रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं से संतुलित पोषण और हल्का शारीरिक व्यायाम जैसे आयुर्वेदिक उपाय अपनाने का अनुरोध किया है। मंत्रालय ने कहा है कि दैनिक जीवन में ये समग्र उपाय अपनाने से प्रत्येक व्यक्ति अपनी हडिडयों को मजबूत कर सकता है और टूटने का जोखिम घटा सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि ऑस्टियो–पोरोसिस से बचाव के लिए शुरूआत में ही जीवनशैली में बदलाव और देखभाल आवश्यक है।

———————————